आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13 मार्च 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ अधिकारियों और तेल कंपनियों के उच्च अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक। प्रदेश में रसोई गैस–एलपीजी की निर्बाध और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिये निर्देश।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 19 मार्च को अयोध्या के प्रस्तावित दौरे से पहले मुख्यमंत्री ने तैयारियों का लिया जायजा। समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा निर्देश।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज असम से जारी करेंगे पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त। उत्तर प्रदेश के 2 करोड़ 15 लाख से अधिक किसान होंगे लाभान्वित।
- दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। मुख्यमंत्री के साथ आज ग्रीन कॉरिडोर के दूसरे चरण का करेंगे शुभारम्भ।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में रसोई गैस–एलपीजी की निर्बाध और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की घबराहट की स्थिति न बनने दी जाए। मुख्यमंत्री ने कल देर शाम लखनऊ में वरिष्ठ अधिकारियों और तेल कंपनियों के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर रसोई गैस की वर्तमान मांग और आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की। एक रिपोर्ट–

**रसोई गैस को लेकर की गई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्थिति उतनी गंभीर नहीं है जितना अफवाहों के माध्यम से प्रचारित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तेल कंपनियों को प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करके जनता को एलपीजी की आपूर्ति और वितरण की वास्तविक स्थिति के बारे में नियमित रूप से सूचित करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई वितरण एजेंसी या निजी व्यक्ति कालाबाजारी या जमाखोरी में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। यदि आवश्यक हो, तो एलपीजी वितरण केंद्रों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए, ताकि कहीं भी अव्यवस्था न फैले और वितरण कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सके। समाचार कक्ष से रितेश।**

प्रदेश सरकार ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि राज्य में पेट्रोल–डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक है। हर जिले में पेट्रोल–डीजल की पूरी उपलब्धता के साथ–साथ पर्याप्त संख्या में घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं, किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। वहीं, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड ने आश्वासन दिया है कि देशभर में ईंधन की निर्बाध आपूर्ति बनी हुई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में कंपनी ने कहा कि देशभर में उसके पेट्रोल पंप पूरी तरह चालू हैं और पेट्रोल, डीजल तथा अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। कंपनी का कहना है कि ईंधन वितरण भी सुचारू रूप से जारी है। कंपनी ने ग्राहकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ न लगाने की अपील की है।

**********

केन्द्र सरकार ने कल संसद में आश्वासन दिया कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारत ने ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने लोकसभा में कहा कि देश में कच्चे तेल की स्थिति मजबूत है और घरेलू एलपीजी उत्पादन में अट्ठाइस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की बुकिंग से डिलीवरी तक के ढाई दिन के वर्तमान समय में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

**भारत के पास पर्याप्त गैस उत्पादन और आपूर्ति व्यवस्था है जिससे वे लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष की स्थिति में भी बनाए रख सकता है। प्रत्येक घर उद्योग के लिए ऊर्जा उत्पादन पूरी तरीके से सुरक्षित है। पहले भारत खाड़ी देशों से एलपीजी की लगभग 60 प्रतिशत आवश्यकता आयात करता था और 40 प्रतिशत का उत्पादन घरेलू स्तर पर होता था।**

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के उन्नीस मार्च के प्रस्तावित दौरे से पहले कल अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में चैत्र नवरात्रि और रामनवमी की तैयारियों की भी समीक्षा की गई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए दर्शन बंद रहेगा।

**माननीय मुख्यमंत्री जी ने जो सभा स्थल है और जो कार्यक्रम स्थल है जहां–जहां माननीय महोदया जाएंगी उसका जायजा लिया उसके बाद मीटिंग करके सभी अधिकारी को निर्देश दिए। मीटिंग में ना केवल 19 मार्च के कार्यक्रम बल्कि शारदीय नवरात्रि और उसके बाद आने वाली रामनवमी का भी उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया। उस दिन क्योंकि शारदीय नवरात्रि है पहला दिन है तो भीड़ और भी रहेगी। मंदिर में भी कार्यक्रम जब चलते रहेगा महोदया का उस समय दर्शन चलते रहेंगे केवल कुछ पलों के लिए जब महोदया खुद दर्शन करने जाएंगे उसी समय के लिए थोड़ी देर के लिए हम लोग दर्शन बंद करें।**

हमारे अयोध्या प्रतिनिधि ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन–पूजन किया। उन्होंने श्रीराम मंदिर परिसर के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने कल सुबह बलरामपुर दौरे के दूसरे दिन देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन किया। मुख्यमंत्री ने वहां भी नवरात्रि मेले की तैयारियों की समीक्षा की और जन प्रतिनिधियों से संवाद किया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बाइसवीं किस्त जारी करेंगे। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण डीबीटी के माध्यम से लगभग नौ करोड़ बत्तीस लाख किसानों के बैंक खातों में अट्ठारह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। उत्तर प्रदेश के दो करोड़ पन्द्रह लाख से अधिक किसान भी इससे लाभान्वित होंगे, उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे चार हजार तीन सौ पैंतीस करोड़ ग्यारह लाख रुपये भेजे जाएंगे।

**********

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कल देर शाम अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। रक्षामंत्री आज वहां समतामूलक चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण का उद्घाटन करेंगे। एक रिपोर्ट–

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान समतामूलक चौराहे से डालीगंज पुल तक ग्रीनकॉरिडोर का अवलोकन करेंगे और कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे। ग्रीन कॉरिडोर का यह फेज 9 दशमलव 2 किलोमीटर लंबा है। 4–लेन रिवर साइड कॉरिडोर गोमतीनगर के समतामूलक चौराहे को निशातगंज, हनुमान सेतु होते हुए डालीगंज तक जोड़ेगा जिससे गोमतीनगर से डालीगंज का सफर महज 5 से 7 मिनट में पूरा हो सकेगा। गोमती नदी के किनारे बने इस कॉरिडोर से पुराने लखनऊ और गोमतीनगर के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी। राघवेन्द्र त्रिपाठी आकाशवाणी समाचार।**

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल लखनऊ में आर्मी वुमन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सूर्या कमांड में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली वीर नारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय सेना साहस, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति का जीवंत प्रतीक है।

**********

रमजान के पाक महीने में अलविदा की नमाज आज अदा की जाएगी। इसके मद्देनजर प्रदेश के सभी जनपदों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गये हैं। एक रिपोर्ट–

**प्रदेशभर में संवेदनशील स्थानों पर व्यापक संख्या में पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। कई जगहों पर ड्रोन कैमरा से भी निगरानी की जाएगी। कई क्षेत्रों में नमाजियों की भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक डायवर्जन भी लागू किया गया है। लखनऊ में अलविदा जुमा की सबसे बड़ी जमात टीले वाली मस्जिद में होगी, जिसमें हजारों की संख्या में लोग एक साथ नमाज अदा करेंगे। मुमताज अली लखनऊ।**

**********

खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने बताया कि दुग्ध उत्पादकों और विक्रेताओं को अपना खाद्य व्यवसाय शुरू करने से पहले अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा। यह निर्देश उनके लिए है जो डेयरी सहकारी समितियों के सदस्य नहीं हैं।

**********